2020 तक हर घर को स्वच्छ पानी देंगे : मंत्री

पीएचईडी

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री विनोद नारायण झा ने कहा है कि बिहार सरकार के सात निश्चय में से एक हर घर नल जल योजना को पटना उच्च न्यायालय ने मंजूरी दे दी है। अब इस काम में और तेजी आएगी। 2020 तक हम बिहार के हर घर में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने में कामयाब होंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सहयोग कार्यक्रम में पीएचईडी मंत्री ने कार्यकर्ताओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लोगों की शिकायतों का मौके पर निबटारा भी किया। पंडौल के शाहपुर से आए कैलाशनाथ चौधरी ने वैद्य सेवा प्राध्यापक के पद पर फिर से पदस्थापित करने की मांग की। राघव किशोर मिश्र ने बासोपट्टी थानाध्यक्ष पर प्राथमिकी दर्ज के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। पीएचईडी के कनीय अभियंता ने वेतन नहीं मिलने तो अविनाश कुमार मोहन ने बीमार को मिलने वाले अनुदान को लेकर बात की। मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कुमार, मीडिया प्रभारी पंकज सिंह, अक्षय कुमार, आनंद मिश्रा, गजेन्द्र झा व शैलेश महाजन मौजूद थे।

जलापूर्ति प्रबंधन का आईआईएम में मिलेगा प्रशिक्षण : लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री विनोद नारायण झा ने कहा कि जलापूर्ति योजना की तकनीक, कांट्रैक्ट प्रबंधन, विधिक प्रक्रिया, सामुदायिक सहभागिता आदि विषयों का

कामकाज

- पीएचईडी मंत्री ने सहयोग कार्यक्रम के तहत लोगों की शिकायतें सुनी
- मंत्री ने कार्यकर्ताओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी

27 नवंबर को अहमदाबाद रवाना होंगे इंजीनियर

प्रशिक्षण विभागीय अभियंताओं को दिया जाएगा। आईआईएम अहमदाबाद के सहयोग ने उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा।

मंत्री ने बताया कि 27 नवंबर को परियोजना एवं कांट्रैक्ट प्रबंधन के विविध पहलुओं पर प्रशिक्षण के लिए 35 सहायक अभियंताओं को आईआईएम, अहमदाबाद भेजा जाएगा। गुरुवार को श्री झा 'हर घर को नल का जल' निश्चय के तहत प्रशिक्षण रणनीति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिया कि पदाधिकारियों को प्रतिष्ठित संस्थानों से प्रशिक्षित कराने के साथ ही कार्यस्थल पर भी प्रशिक्षित किया जाए। साथ ही, पंचायतीराज के प्रतिनिधियों को योजना से जोड़ने के लिए सघन जागरूकता और प्रशिक्षण अभियान चलाया जाए।

उन्होंने कहा कि समुदाय स्तर पर जल गुणवत्ता जांच एवं निगरानी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा मुखिया, वार्ड सदस्यों को भी सघन रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। अब तक विभाग ने 76 अधीक्षण और कार्यपालक अभियंताओं को प्रशिक्षण दिलाया है।